>

Title: Need to set up a railway factory at vacant railway land in Chandauli district, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश के जनपद चंदौली स्थित सैयदराजा नौबतपुर रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे की लगभग 150-200 एकड़ भूमि है जो कि पूर्णतः रेलवे के क्षेत्राधिकार में हैं जिसे रेलवे ने स्थानीय किसानों से अधिग्रहण किया था। वर्तमान बजट में रेलवे द्वारा यह प्रस्ताव किया गया है कि रेलवे की खाली पड़ी भूमि पर रेलवे का निर्माणी कारखाना लगाया जायेगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय रेल मंडल अंतर्गत यह भूमि वर्तमान में अनाधिकृत रूप से उपयोग की जा रही है जिससे रेलवे को किसी भी प्रकार का कोई राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा है। जनपद चंदौली एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है जहाँ पर रोजगार की काफी कमी है। रेलवे द्वारा यदि इस खाली पड़ी भूमि पर रेलवे के उपयोग आने वाले संयंत्र के निर्माण के लिये कारखाना स्थापित किया जाता है तो एशिया के सबसे बड़े रेलवे यार्ड को स्थानीय संयंत्र कारखाने का लाभ भी मिल जाएगा साथ ही पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत मुगलसराय रेल मंडल का विकास होगा।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि पूर्वांचल के पिछड़े जनपद चंदौली के विकास को ध्यान में रखते हुए रेल विभाग की बड़े पैमाने पर खाली पड़ी लगभग 150-200 एकड़ भूमि पर रेलवे के निर्माणी कारखाना स्थापित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र जनपद चंदौली का विकास के साथ ही स्थानीय बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकें।